छत्तीसगढ़ विधान सभा

मार्च, 2023 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार,दिनांक 15 मार्च, 2023 (फाल्गुन 24, 1944)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे।

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग अधिनियम, 1994 (क्रमांक 3 सन् 1994) की धारा 11 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार अधिसूचना क्रमांक 27/14/वित्त/विआप्र/चार/2021, दिनांक 23 मार्च, 2022 पटल पर रखेंगे।

(2) श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 (क्रमांक 43 सन् 1973) की धारा 8–क की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा द्वारा अंकेक्षित स्थानीय नगरीय निकायों, पंचायत राज संस्थाओं, अनुदान प्राप्त एवं अन्य स्वायत्तशासी संस्थाओं का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021–2022 पटल पर रखेंगे।

(3) श्रीमती अनिला भेंडिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री, बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 (क्रमांक 4 सन् 2006) की धारा 36 द्वारा अधिसूचित छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग नियम, 2009 के नियम 20 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021–2022 पटल पर रखेंगी।

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री अजय चंद्राकर, सदस्य, प्रदेश में कोविड काल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति नहीं दिये जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(2) श्री रामकुमार यादव, सदस्य, जल संसाधन विभाग द्वारा सक्षम अधिकारी कलेक्टर सक्ती एवं माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं किये जाने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

क्रमशः 2

4. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति

श्री आशीष कुमार छाबड़ा, सभापति, पटल पर रखे गये पत्रों का परीक्षण करने संबंधी समिति का तेरहवां एवं चौदहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

निर्धारित समय
2 घंटे

5. वित्तीय वर्ष 2023–2024 की अनुदान मांगों पर चर्चा

श्री ताम्रध्वज साहू, गृह मंत्री के विभागों से संबंधित –

मांग संख्या	24	लोक निर्माण कार्य – सड़कें और पुल
मांग संख्या	67	लोक निर्माण कार्य – भवन
मांग संख्या	76	लोक निर्माण विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं
मांग संख्या	3	पुलिस
मांग संख्या	4	गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय
मांग संख्या	5	जेल
मांग संख्या	51	धार्मिक न्यास और धर्मस्व
मांग संख्या	37	पर्यटन

दिनेश शर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा

रायपुर,
दिनांक 14 मार्च,2023